समाचार

निगम कार्यालय साकेत में महापौर ने किया ध्वजारोहण

कोरबा 16 अगस्त 2015–नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। उन्होने भारतमाता एवं महात्मा गांधी के तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर तिरंगा ध्वज का आरोहण किया तथा क्षेत्र के नागरिकों को स्वाधीनता दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी सहित निगम के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

निगम के मुख्य कार्यालय साकेत में स्वाधीनता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त प्रातः 7.30 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि यह आजादी हमे बड़ी कठिनाई एवं बड़ी कुर्बानियों के पश्चात प्राप्त हुई है, आजादी को प्राप्त करने के लिए भारतमाता के महान सपूतों ने अपना बलिदान दिया है, इस आजादी को सुरक्षित बनाये रखना हम सभी का प्रथम कर्तव्य है। उन्होने कहा कि कोरबा नगर के विकास के लिए हम सब एकजुट होकर कार्य करेंगे तथा नगर को एक सुंदर शहर बनायेंगे। इस मौके पर उन्होने निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी ने कहा कि स्वाधीनता दिवस के इस मौके पर हम वृक्षो की सुरक्षा एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संकल्प लें तथा देश को आजादी दिलाने वाले भारतमाता के महान सपूतों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

किया गया उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कृत–इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले नगर पालिक निगम कोरबा के कर्मचारियों को प्रसस्ति पत्र एवं पुरस्कार स्वरूप स्मृतिचिन्ह प्रदान किया। निगम कर्मी सफाई कामगार छबिलाल, सहायक राजस्व निरीक्षक दशरथ प्रधान, प्लम्बर नरेश श्रीवास, प्रयोगशाला सहायक शिवकुमार कश्यप, सहायक ग्रेड–3 प्रकाश निषाद, समयपाल सीताराम पटेल, वाहन शाखा के कर्मचारी बलराम चौहान, माली मनमोहन एवं कम्प्यूटर आपरेटर नीलाम्बर यादव को सम्मानित किया गया। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने इस मौके पर तीन निःशक्तजनों को ट्रायसिकल का वितरण भी किया।

ध्वजारोहण कार्यक्रम में सभापति धुरपाल सिंह कंवर, आयुक्त आलोक चन्द्रवंशी, मेयर इन काउंसिल सदस्य महेन्द्र सिंह चौहान, दिनेश सोनी, संतोष राय, सीताराम चौहान, डॉ.गोपाल कुर्रे, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद मनहरण राठौर, अब्दुल रहमान, मनीष शर्मा, गीता महंत, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर जिलाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, महिला कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री संगीता सक्सेना, सेवादल जिलाध्यक्ष संतोष लांझेकर, कुसुम द्विवेदी, मंगल बुधिया, श्यामसुंदर सोनी, शांता मडाव, निगम के मुख्य लेखाधिकारी पी.आर. मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एम.के. वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, आर.के. भोजासिया, आर.के. माहेश्वरी, निगम सचिव पवन वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी डॉ. शिरीन लाखे, सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला, अली बख्श, भूषण उरांव, एन.के. नाथ, के.पी. दहायत, अनुभाग अधिकारी गिरीश साहू, सम्पत्तिकर अधिकारी एस.डी. बनाफर, राजस्व अधिकारी एन.एस. करपे, रघुराज सिंह, राजबहादुर सिंह, अनिरूद्ध सिंह, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, एन.पी.देवांगन, जी.एस. शर्मा, डी.एस. बैस, राकेश मसीह, योगेन्द्र देवांगन, प्रकाश चन्द्रा, विपिन मिश्रा, योगेश राठौर, एम.एल. तिवारी, आनंद राठौर, आर.एस. चौहान, जी.एस. चौहान, आर.एस. यादव, के. पी. नायडू, आनंद दुबे, अरूण मिश्रा, नासिर सईद, हेमंत गभेल, आनंद गुप्ता, बी.एल. पाण्डेय, रामप्रसाद मिर्री, सरस देवांगन, हिमांशु राठौर, खलील खान, प्रदीप सिकदर, अरविंद सिंह, देवेंन्द्र स्वर्णकार, एस.डी. वैष्णव, संजय झा, बी.एल. शर्मा, एस.पी. शुक्ला, बद्री सिंह, मनोज श्रीवास, संजय सिंह, बिहारी यादव, उदय मण्डल, रामखिलावन साहू आदि के साथ निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)